# शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय,बस्तर जगदलपुर

धरमपुरा–2 जगदलपुर जिला–बस्तर (छ0ग0) पिन–494001

Web-www.bvvjdp.ac.in Email-exambastar@gmail.com Phone no. - 07782-229884


क्रमांक / 66 परीक्षा / गोपनीय / श.म.क.वि.वि. / 2021–22जगदलपुर दिनांक 21 / 01 / 2022

## परीक्षार्थियों के लिए समय सारिणी एवं महत्वपूर्ण निर्देश

## / / समय–सारिणी / /

सेमेस्टर परीक्षा (जुलाई–दिसम्बरः 2021) समयः पूर्वान्ह 10.00–1.00 बजे तक

| क्र. | उत्तरपुस्तिका एवं प्रश्न पत्र प्राप्ति दिनांक | कक्षा / विषय | सेमेस्टर / प्रश्नपत्र | उत्तरपुस्तिका जमा करने का दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 02/02/2022 | 1. एल.एल.बी. पार्ट 01,02,03 | Ist सेमेस्टर (नियमित / एटीकेटी / भूतपूर्व) | 07/02/2022 |
| | | 2. बी.बी.ए. | Ist,IIIrd,Vth सेमेस्टर (नियमित / एटीकेटी / भूतपूर्व) | |
| | | 3. डीसीए | Ist सेमेस्टर (नियमित / एटीकेटी / भूतपूर्व) | |
| | | 4. पीजीडीसीए, | Ist सेमेस्टर (नियमित / एटीकेटी / भूतपूर्व) | |
| | | 5. पी.जी. डी.जे एम.सी. | Ist सेमेस्टर | |
| 02 | 03/02/2022 | 1. एम.एस.सी. जैव प्रौद्योगिकी | प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर (नियमित / एटीकेटी / भूतपूर्व | 08/02/2022 |
| | | 2. एम.एस.सी. फूड एण्ड न्यूट्रीशन | प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर (नियमित / एटीकेटी / भूतपूर्व) | |
| | | 3. एम.एस.सी ग्रामीण प्रौद्योगिकी | प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर (नियमित / एटीकेटी / भूतपूर्व) | |
| | | 4. एम.एस.सी कम्प्यूटर साईस | प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर (नियमित / एटीकेटी / भूतपूर्व) | |
| | | 5. एम.एस.सी मानव विज्ञान एवं जनजातीय अध्ययन | प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर (नियमित / एटीकेटी / भूतपूर्व) | |
| | | 6. पी.जी.डी.टी.ए. | Ist सेमेस्टर | |
| | | 7. वानिकी एवं वन्य जीव अध्ययन | प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर (नियमित / एटीकेटी / भूतपूर्व) | |
| | | 8. एम.एस.सी प्राणीशास्त्र | प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर (नियमित / एटीकेटी / भूतपूर्व) | |
| | | 9. एम.एस.सी. भू– गर्भशास्त्र | प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर (नियमित / एटीकेटी / भूतपूर्व) | |
| | | 10. एम.एस. सी. वनस्पतिशास्त्र | प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर (नियमित / एटीकेटी / भूतपूर्व) एवं द्वितीय सेमेस्टर (ATKT) | |
| 03 | 04/02/2022 | 1. एम.एस.सी. रसायनशास्त्र | प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर (नियमित / एटीकेटी / भूतपूर्व) | 09/02/2022 |
| | | 2. एम.एस.सी भौतिक शास्त्र | प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर | |
| | | 3. एम.एस.सी गणित | प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर (नियमित / एटीकेटी / भूतपूर्व) | |
| | | 4. एम.सी.ए. | (प्रथम सेमेस्टर) | |

## //समय–सारिणी//

### सेमेस्टर परीक्षा (जुलाई–दिसम्बरः 2021) समयः अपरान्ह 2.00–5.00 बजे तक

| क. | उत्तरपुस्तिका एवं प्रश्न पत्र प्राप्ति दिनांक | कक्षा/विषय | सेमेस्टर/ प्रश्नपत्र | उत्तरपुस्तिका जमा करने का दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 02/02/2022 | 1. एम.ए. हिन्दी, | प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर (नियमित/ एटीकेटी/ भूतपूर्व) | 07/02/2022 |
| | | 2. एम.ए. अंग्रेजी, | प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर (नियमित/ एटीकेटी/ भूतपूर्व) | |
| | | 3. एम.ए. संस्कृत | प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर (नियमित/ एटीकेटी/ भूतपूर्व) | |
| | | 4. एम.ए. अर्थशास्त्र | प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर (नियमित/ एटीकेटी/ भूतपूर्व) | |
| | | 5. एम.ए. राजनीति विज्ञान | प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर (नियमित/ एटीकेटी/ भूतपूर्व) | |
| | | 6. एम.ए. इतिहास | प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर (नियमित/ एटीकेटी/ भूतपूर्व) | |
| | | 7. एम.ए. प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व | प्रथम सेमेस्टर | |
| 02 | 03/02/2022 | 1. एम.एस. डब्ल्यू | प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर (नियमित/ एटीकेटी/ भूतपूर्व) एवं द्वितीय सेमेस्टर | 08/02/2022 |
| | | 2. एम.कॉम | प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर (नियमित/ एटीकेटी/ भूतपूर्व) | |
| | | 3. एम.ए. समाजशास्त्र | प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर (नियमित/ एटीकेटी/ भूतपूर्व) | |
| | | 4. एम. ए. भूगोल | प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर (नियमित/ एटीकेटी/ भूतपूर्व) | |
| | | 5. बी.एड. | प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर (नियमित/ एटीकेटी/ भूतपूर्व) | |
| | | 6. एम.बी.ए. | प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर (नियमित/ एटीकेटी/ भूतपूर्व) | |

टीप :–

1. प्रश्नपत्रों के कम विश्वविद्यालय की सुविधानुसार होंगे।
2. परीक्षा की अवधि में यदि राज्य शासन/स्थानीय प्रशा. द्वारा सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है तो भी परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार आयोजित होगी।
3. प्रवेश पत्र ऑनलाईन शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर के वेबसाईड www.bvvjdpexam.in से प्राप्त किये जा सकेंगें।

## परीक्षार्थियों के लिए महत्वपूर्ण निर्देश

1. परीक्षार्थी का परीक्षा में प्रवेश सभी निर्धारित शर्ते पूर्ण करने के अधीन है।
2. परीक्षार्थी सर्वप्रथम परीक्षा प्रारंभ होने के एक सप्ताह पूर्व विश्वविद्यालय के बेबसाईट www.bvvjdpexam.in में जाकर Download- Admit Card- User Id & Password के माध्यम से प्रवेश पत्र Download करेगें।
3. परीक्षार्थी प्रवेश पत्र में उल्लेखित विषय/प्रश्नपत्रों इत्यादि का परीक्षण कर लेवें। किसी प्रकार की त्रुटि होने पर महाविद्यालय/विश्वविद्यालय को अतिशीध्र अवगत करावें। परीक्षार्थियों को महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र में प्रवेश पत्र लाना अनिवार्य है, अन्यथा प्रश्नपत्र एवं उत्तरपुस्तिका का बुकलेट प्रदान नहीं किया जावेगा।
4. परीक्षार्थी वि.वि. अध्ययनशाला/महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्रों के माध्यम से प्रश्न पत्र एवं उत्तरपुस्तिका विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित तिथि अनुसार प्राप्त करेगें।
5. परीक्षार्थियों को वि.वि. अध्ययनशाला/महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्रों के माध्यम से प्रत्येक प्रश्न पत्र के लिए एक प्रश्न पत्र, एक मुख्य उत्तरपुस्तिका (24 पेज) एवं एक पूरक उत्तरपुस्तिका (08 पेज) कुल 32 पेज का बुकलेट बनाकर सभी प्रश्नपत्रों के लिए बुकलेट एक बड़ा लिफाफा में विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित तिथि अनुसार प्रदान किया जायेगा।
6. परीक्षार्थियों को प्रश्न पत्र ऑनलाईन परीक्षा आवेदन करने के लिए प्राप्त User ID & Password में भी विश्वविद्यालय द्वारा जारी समय सारिणी अनुसार उपलब्ध कराया जायेगा। जिसे परीक्षार्थी डाउनलोड कर प्रश्न पत्र का उपयोग उत्तर लिखने में कर सकते हैं।
7. परीक्षार्थियों को निर्देशित किया जाता है कि प्रत्येक प्रश्नपत्र के लिए कुल 32 पेज में ही सभी प्रश्नों के उत्तर लिखने का प्रयास करें। अतिआवश्यक होने पर ही उत्तर लिखने के लिए अतिरिक्त सादे पन्ने जोड़ सकेगें। प्रत्येक प्रश्नपत्र के लिए कुल 32 पेज के अलग–अलग उत्तरपुस्तिका का उपयोग करेगें।
8. परीक्षार्थी उत्तर–पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ पर ही अपने अनुक्रमांक/नामांकन अंक स्पष्ट अक्षरों में लिखें। परीक्षार्थी उत्तरपुस्तिका में कहीं भी अपना नाम न लिखें, न हस्ताक्षर करें और न ही ऐसा संकेत अंकित करें जिससे उत्तर–पुस्तिका पहचानी जा सके।
9. परीक्षार्थी को अपने निवास स्थान पर स्वंय उत्तरपुस्तिका में उत्तर लिखना होगा। किसी अन्य परीक्षार्थी द्वारा लिखित उत्तरपुस्तिका की छाया प्रति जमा करने पर अनुचित साधन प्रकरण माना जावेगा तथा परीक्षार्थी का परीक्षा परिणाम निरस्त किया जावेगा।
10. हस्तलिखित उत्तरपुस्तिका विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित तिथि को ही महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्रों में जमा करें। विलम्ब से प्राप्त उत्तरपुस्तिकाओं को मूल्यांकन के लिए विचार नहीं किया जावेगा।
11. महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र में उत्तर–पुस्तिका जमा नहीं करने वाले परीक्षार्थियों को अनुपस्थित माना जायेगा।
12. यदि कोई परीक्षार्थी विश्वविद्यालय अध्ययनशाला/महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र से प्रदाय उत्तरपुस्तिका जमा नहीं करता है तो उसके विरूद्व अनुचित साधन प्रकरण बनाया जाएगा।
13. इस परीक्षा प्रणाली में पुनर्मूल्यांकन/पुनर्गणना एवं एटीकेटी परीक्षा के प्रावधान होगें।
14. प्रश्न पत्र एवं उत्तरपुस्तिका प्राप्त करने तथा जमा करने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रकिया का पालन करना अनिवार्य होगा।
15. **पोस्ट/कोरियर एवं अन्य माध्यम से उत्तरपुस्तिका प्राप्ति/जमा का प्रावधान नहीं है।**
16. नेत्रहीन Physically Handicapped and Dyslexic (दिव्यांग) परीक्षार्थियों को लेखक सुविधा होगी।
17. कोविड–19 के नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए शासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।
18. परीक्षार्थी विश्वविद्यालय/महाविद्यालयों से सतत सम्पर्क बनाये रखें जिससे विश्वविद्यालय/महाविद्यालयों से प्रसारित होने वाले सूचनाओं से अवगत रहें तथा विश्वविद्यालय/महाविद्यालयों के सूचना पटल/वेबसाईट www.bvvjdp.ac.in & www.bvvjdpexam.in का नियमित अवलोकन करते रहें। किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने के लिए **हेल्पलाईन नम्बर (07782–229884, 229215)** में सम्पर्क करें।

18. **प्रायोगिक परीक्षाओं के लिए निर्देशः— सेमेस्टर परीक्षा जुलाई दिसम्बर 2021 सत्र 2021—22 के प्रायोगिक परीक्षाओं का आयोजन महाविद्यालय/विश्वविद्यालय अध्ययनशाला द्वारा निम्नानुसार किया जावेः—**

a. सभी कक्षाओं/विषयों के प्रत्येक प्रायोगिक प्रश्न पत्र के लिए एक पूरक उत्तरपुस्तिका (08 पेज) महाविद्यालय/विश्वविद्यालय अध्ययनशाला द्वारा सैद्धांतिक परीक्षाओं के उत्तरपुस्तिका के साथ पृथक से लिफाफा में प्रदान किया जाएगा।

b. प्रश्न पत्र/प्रायोगिक कार्य महाविद्यालय/विश्वविद्यालय अध्ययनशाला द्वारा तैयार कर सैद्धांतिक परीक्षाओं के प्रश्न पत्रों के साथ पृथक से लिफाफा में प्रदान किया जाएगा।

c. हस्तलिखित प्रायोगिक परीक्षाओं के उत्तरपुस्तिकाओं को सैद्धांतिक परीक्षाओं के उत्तरपुस्तिकाओं के साथ पृथक से लिफाफा में जमा करना अनिवार्य होगा। अन्यथा अनुपस्थित माना जावेगा।

d. मौखिक परीक्षाओं का आयोजन प्रायोगिक प्रश्न पत्रों के उत्तरपुस्तिकाओं को समय सारिणी अनुसार जमा करने के पश्चात् महाविद्यालय/विश्वविद्यालय अध्ययनशाला द्वारा ऑनलाईन सम्पन्न किया जावेगा।

e. मौखिक परीक्षा की तिथि महाविद्यालय/विश्वविद्यालय अध्ययनशाला द्वारा निर्धारित किया जावेगा। परीक्षार्थी महाविद्यालय/विश्वविद्यालय अध्ययनशाला के सम्पर्क में रहें।

21/01/2022

कुलसचिव
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर
जगदलपुर

क्रमांक/ /परीक्षा/गोपनीय/ श.म.क.वि.वि./2021—22 जगदलपुर दिनांक 21/01/2022

प्रतिलिपिः—

1. मान.कुलपति महोदय, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर जगदलपुर को सूचनार्थ।
2. समस्त विभागाध्यक्ष विश्वविद्यालय अध्ययनशाला शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. प्राचार्य समस्त संबद्ध महाविद्यालय शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

सहा. कुलसचिव (परीक्षा)
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर
जगदलपुर